वर्ष :-2
अंक:-30
24, फरवरी,2026
मंगलवार

अपना शहर अपना खबर

# अपना नालन्दा

नालंदा का नंबर -1 डिजिटल अखबार www.apnanalanda.com

## निरीक्षण में खुली निर्माण कार्य की पोल: अंबेडकर आवासीय विद्यालय भवन में घटिया ईंट का उपयोग,

### सहायक अभियंता ने लौटाने का दिया आदेश



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा लगभग 30 करोड़ 67 लाख 53 हजार रुपये की लागत से नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के नए भवन का निर्माण कराया जा रहा है। यह निर्माण पुराने स्कूल एवं आवासीय भवन को ध्वस्त कर किया जा रहा है। वर्तमान में विद्यालय चंडी में किराये के भवन में संचालित है।

सोमवार को भवन प्रमंडल के एसडीओ सह सहायक अभियंता सौम्या ने नेशनल हाईवे-20 के किनारे छोटी मुढ़ारी गांव के समीप निर्माणाधीन विद्यालय भवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लगभग एक घंटे तक दीवारों की गुणवत्ता, उपयोग में लाई जा रही फ्लाई ऐश ईंट, बालू, हॉस्टल की सीढ़ियां तथा अन्य निर्माण सामग्री की बारीकी से जांच की।

जांच के क्रम में सहायक अभियंता ने ईंट भंडारण स्थल पर स्वयं ईंटों की भौतिक जांच की। उन्होंने ईंटों को ऊंचाई से गिराकर, आपस में टकराकर तथा साइट पर मौजूद प्रयोगशाला में मशीन से परीक्षण कराया। जांच में ईंटों में अधिक नमी पाई गई तथा क्रशिंग स्ट्रेंथ, आकार, रंग, मजबूती, जल अवशोषण और बनावट के मानकों पर ईंटें घटिया गुणवत्ता की पाई गईं।

घटिया सामग्री मिलने पर सहायक अभियंता ने मौके पर मौजूद साइट इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाई और तत्काल सभी ईंटों को वापस करने का निर्देश दिया। हॉस्टल निर्माण स्थल पर बालू की गुणवत्ता और सीढ़ियों के निर्माण को लेकर भी उन्होंने नाराजगी जताई।

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि कार्यस्थल पर रखी कई ईंटों में अत्यधिक नमी थी, जिसे लेकर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मानक के अनुरूप सामग्री ही उपयोग में लाई जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विभाग की लगातार निगरानी बनी रहेगी तथा निरीक्षण प्रतिवेदन वरीय अधिकारियों को सौंपा जाएगा


## आरसीपी सिंह की जेडीयू में वापसी की अटकलें तेज, राजनीतिक हलकों में बढ़ी सरगर्मी

जेपी चौधरी

पटना (अपना नालंदा)।पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह की जनता दल (यूनाइटेड) में संभावित वापसी को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में पार्टी के अंदरूनी स्तर पर इस मुद्दे को लेकर मंथन चल रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच उत्सुकता का माहौल बना हुआ है।

ज्ञात हो कि आरसीपी सिंह पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का श्रेय उन्हें दिया जाता रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि संगठनात्मक अनुभव और प्रशासनिक पकड़ के कारण उनकी वापसी पार्टी के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो सकती है।

पार्टी के सर्वमान्य नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही इस विषय में अंतिम निर्णय लेने वाले माने जा रहे हैं। वहीं राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि उनके पुत्र निशांत कुमार आरसीपी सिंह की वापसी के पक्षधर बताए जा रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



सूत्रों के अनुसार, होली के बाद नई दिल्ली में प्रस्तावित जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक से पहले स्थिति स्पष्ट हो सकती है। फिलहाल पार्टी की ओर से इस संबंध में कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि यदि आरसीपी सिंह की वापसी होती है तो इसका असर बिहार की राजनीति और संगठनात्मक समीकरणों पर स्पष्ट रूप से देखने को मिल सकता है।

## पॉल्ट्री फार्म में भीषण आग, पांच हजार चूजे समेत पांच लाख से अधिक की संपत्ति राख

मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)।खोदागंज थाना क्षेत्र के महमूदा पंचायत अंतर्गत चूल्हाई बिगहा गांव के टोला मधुकरचक के दक्षिण खंधा स्थित एक पॉल्ट्री फार्म में रविवार को अचानक आग लगने से भारी नुकसान हो गया। इस अगलगी की घटना में करीब पांच लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।पॉल्ट्री फार्म संचालक अखिलेश कुमार ने बताया कि फार्म में मुर्गी के चूजों का पालन-पोषण किया जाता था। आग लगने से लगभग पांच हजार चूजे, चूजों का 35 बोरा दाना, लगभग 400 प्लास्टिक फीडर बाल्टी, 800 पानी पिलाने वाले प्लास्टिक पात्र, दो लकड़ी की चौकियां, चार प्लास्टिक कुर्सियां तथा अन्य जरूरी उपकरण पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फार्म में लगे बोरिंग के पानी से आग बुझाने का



प्रयास किया,लेकिन तब तक अधिकांश सामान जल चुका था। स्थानीय लोगों की तत्परता के बावजूद आग पर काबू पाने में काफी देर लग गई, जिससे नुकसान बढ़ गया।पीड़ित संचालक ने घटना की लिखित सूचना स्थानीय थाना को दे दी है। वहीं समाजसेवी अखिलेश यादव तथा बरदाहा पंचायत के उपमुखिया रंजीत यादव ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सरकार से पीड़ित को उचित मुआवजा देने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।


## सकुचीडीह में पुल अधूरा, जर्जर नाव से रोज जान जोखिम में डाल नदी पार करते हैं बच्चे



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गिरियक प्रखंड के गाजीपुर पंचायत स्थित सकुचीडीह और सकुचीसराय गांवों के बीच बहने वाली सकरी नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण शुरू नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत 6.20 करोड़ रुपये की लागत से 96.84 मीटर लंबा पुल बनना है, जिसकी शुरुआत 30 जुलाई 2025 और पूर्णता 29 जुलाई 2027 निर्धारित है, लेकिन अभी तक काम धरातल पर नहीं उतरा है।

पुल नहीं बनने से स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग जर्जर नाव के सहारे नदी पार करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने चंदा जुटाकर नाव खरीदी, पर प्रशासन की ओर से न नाविक की व्यवस्था है और न सुरक्षित विकल्प। कई छोटे बच्चे खुद नाव चलाकर स्कूल जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों को बाजार, प्लस टू विद्यालय और इलाज के लिए सकुचीसराय जाना पड़ता है। नाव न मिलने पर 6 से 10 किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। आपात स्थिति में मरीजों को दूर अस्पताल ले जाने से गोल्डन आवर प्रभावित होता है।ग्रामीण कार्य विभाग राजगीर की कार्यपालक अभियंता मुनिता कुमारी ने बताया कि पुल का शिलान्यास हो चुका है, लेकिन वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डीपीआर पुनः जांच के लिए मुख्यालय भेजी गई है। अंतिम स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525043 2E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# पुलिस सप्ताह पर छात्रों ने जाना थाना की कार्यप्रणाली, आधुनिक उपकरणों से हुए परिचित



आर संतोष भारती


कतरीसराय (अपना नालंदा)। बिहार पुलिस द्वारा आयोजित पुलिस सप्ताह कार्यक्रमों की श्रृंखला के दूसरे दिन स्कूली बच्चों के लिए थाना परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्य विद्यालय कतरीडिह के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक थाना परिसर का भ्रमण कर पुलिस कार्यप्रणाली को करीब से समझा।

कार्यक्रम के दौरान अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बच्चों को थाना के विभिन्न विभागों और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने ओडी ऑफिस, थाना हाजत, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, सरिस्ता कक्ष तथा आगंतुक कक्ष का निरीक्षण कराया और प्रत्येक शाखा के कार्य व महत्व को सरल भाषा में समझाया। बच्चों को सीसीटीएनएस प्रणाली, प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया, विभिन्न पंजी संधारण, वारंट, इश्तेहार और कुर्की जैसी कानूनी कार्रवाइयों की जानकारी भी दी गई। साथ ही वायरलेस सेट, ब्रेथ एनालाइजर मशीन और एचएचडी डिवाइस जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग कैसे किया जाता है, इसका प्रदर्शन भी कराया गया।थाना भ्रमण के दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। उन्होंने पुलिस व्यवस्था से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तार से उत्तर दिया। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पुलिस व आमजन के बीच सकारात्मक संबंध स्थापित करना है। अंत में विद्यार्थियों ने अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।









# चंडी डाक चौपाल में बचत योजनाओं की दी गई जानकारी, सुकन्या योजना से जुड़ने की अपील




चंडी (अपना नालंदा)। चंडी उप डाकघर परिसर में सोमवार को डाक विभाग की ओर से डाक चौपाल का सफल आयोजन किया गया, जिसमें आम लोगों को डाकघर की बचत योजनाओं और सुकन्या समृद्धि योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को वित्तीय जागरूकता प्रदान करना और उन्हें सुरक्षित निवेश योजनाओं से जोड़ना रहा।

आयोजन में कुल 1550 डाकघर बचत बैंक खाताधारकों तथा 56 सुकन्या समृद्धि योजना लाभार्थियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को विभिन्न बचत योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल सेवाओं की जानकारी सरल भाषा में समझाई, जिससे प्रतिभागियों को योजनाओं की उपयोगिता और लाभ स्पष्ट रूप से समझ आए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंदन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों के नाम से खाते खुलवाकर उनके शिक्षा और भविष्य के लिए सुरक्षित निवेश सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास राय ने की। उन्होंने कहा कि डाक चौपाल जैसे आयोजन जनता और डाक विभाग के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम हैं, जिससे लोगों की शंकाओं का समाधान तुरंत हो जाता है।

अंत में उपस्थित लोगों ने योजनाओं के प्रति उत्साह दिखाते हुए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। आयोजकों ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जनहित में इस प्रकार के कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# नगरनौसा थाना में लगा जनता दरबार, भूमि विवाद के मामलों की रही अधिकता



नगरनौसा (अपना नालंदा)। नगरनौसा थाना परिसर में सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता हिलसा की एएसपी शैलजा ने की। जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। पुलिस अधिकारियों ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

एएसपी ने बताया कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना है, ताकि लोगों की समस्याओं का शीघ्र और निष्पक्ष समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से आमजन को सीधे प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने का अवसर मिलता है।दरबार में ग्रामीणों ने थाना क्षेत्र के भोभी गांव में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग उठाई। इसके अलावा नगरनौसा-बड़ीहा मार्ग स्थित सब्जी बाजार और ऑटो स्टैंड को अन्यत्र स्थानांतरित करने का अनुरोध भी किया गया, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु रह सके और जाम की समस्या से राहत मिले।प्राप्त आवेदनों में सर्वाधिक मामले भूमि विवाद से संबंधित पाए गए। कुल 14 से अधिक आवेदन भूमि संबंधी विवादों के निपटारे के लिए दिए गए, जिनमें फरियादियों ने विस्तार से अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं और न्याय की गुहार लगाई। अधिकारियों ने संबंधित कर्मियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर सत्यम चंद्रवंशी, पुअनि ईशमा प्रवीण, पुअनि राजेश यादव, पुअनि दीपनारायण यादव सहित थाना परिवार के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे और लोगों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका









# जनगणना 2027 की तैयारी तेज — हरनौत प्रखंड में आईटी कोषांग की बैठक आयोजित




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। भारत की प्रस्तावित जनगणना 2027 के सफल संचालन को लेकर प्रखंड प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जनगणना चार्ज पदाधिकारी सह बीडीओ डॉ पंकज कुमार ने प्रखंड स्तर पर कुल छह कोषांगों का गठन किया है। आईटी कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी के रूप में एलईओ चाँदनी रस्तोगी तथा सहयोगी के तौर पर आईटी सहायक सूरज कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके अलावा विभिन्न विभागों से मनीष कुमार, सोनू कुमार, संतोष कुमार, पंकज कुमार, पवन कुमार, खुशी कुमारी, अनील कुमार और आँचल कुमारी को भी इस कार्य मेंप्रतिनियुक्त किया गया है। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में आईटी कोषांग की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता वरीय नोडल पदाधिकारी सुश्री रस्तोगी ने की।

बैठक में जनगणना से जुड़ी तकनीकी तैयारियों, डाटा प्रविष्टि, पोर्टल अपडेट तथा मॉनिटरिंग प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षक मनीष कुमार ने कर्मियों को चरणबद्ध तरीके से कार्य संपन्न करने की प्रक्रिया समझाई और निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

बैठक के अंत में सभी संबंधित कर्मियों ने आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करने और जनगणना कार्य को सुचारु व प्रभावी ढंग से संपन्न कराने का संकल्प लिया।






# राजगीर में विद्यार्थी परिषद की बैठक, संगठन मजबूती के लिए नई टीम गठित



राजगीर (अपना नालंदा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजगीर इकाई की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को आयोजित हुई, जिसमें दक्षिण बिहार प्रांत के अध्यक्ष डॉ. विनीत लाल तथा नालंदा विभाग प्रमुख डॉ. अनुज सिंह की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में नगर इकाई की गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई।

संगठन को अधिक सशक्त और सक्रिय बनाने के उद्देश्य से राजगीर नगर इकाई के विस्तार का निर्णय लिया गया तथा कई पदों पर नई जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। घोषित पदाधिकारियों में नगर उपाध्यक्ष बब्लू कुमार, प्रखंड प्रमुख शुभम सौरभ, नगर सह मंत्री सूरज कुमार व रोहित कुमार, कार्यालय प्रमुख आकाशदीप कुमार, एसएफएस सह संतोष कुमार, एसएफडी सह सानू कुमार तथा छात्रा प्रमुख जानवी कुमारी शामिल हैं। साथ ही नगर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में गुंजन पांडे, शौर्य कुमार, सचिन कुमार, अमरजीत कुमार, प्रतीक आनंद, अमन कुमार, विक्की कुमार, निशीकांत कुमार, नीतू कुमारी, धर्मेंद्र कुमार और गौरव कुमार को दायित्व दिया गया।

अपने संबोधन में प्रांत अध्यक्ष ने कहा कि परिषद का लक्ष्य छात्रशक्ति को राष्ट्रशक्ति में बदलना है और संगठन विस्तार से हर विद्यार्थी तक विचार व कार्य पहुंचाया जाएगा। विभाग प्रमुख ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की आधारशिला होते हैं और इकाई का विस्तार सक्रियता का प्रतीक है। बैठक का समापन राष्ट्रहित व छात्रहित के संकल्प के साथ हुआ।

# मुढ़ारी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में मासिक बैठक, टीकाकरण व सर्वे कार्यों की समीक्षा




हरनौत (अपना नालंदा)।प्रखंड क्षेत्र के बड़ी मुढ़ारी स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर मुढ़ारी में सोमवार को मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता केंद्र की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सुरभी रानी ने की।

सीएचओ ने बताया कि बैठक में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, सर्वे ड्यू लिस्ट की प्रगति, चूल्हेवार सर्वे, एनसीडी (असंक्रामक रोग) री-स्क्रीनिंग सहित अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लक्ष्यों के अनुरूप कार्य पूरा करें तथा छूटे हुए लाभार्थियों को चिन्हित कर सेवाएं सुनिश्चित करें।बैठक में एएनएम बेबी देवी और कुमारी रंजनी, आशा कार्यकर्ताओं में संगीता कुमारी, फुल कुमारी, आशा देवी, तथा पीयर मोबिलाइज़र कृष्ण कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और आने वाले दिनों की कार्ययोजना पर चर्चा की।बैठक के अंत में सीएचओ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए टीमवर्क और नियमित निगरानी बेहद आवश्यक है, जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।






अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा
अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा

# संपादकीय

**जेपी चौधरी**

## मुफ्त बिजली, भोजन और गैस देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे?



जब भी चुनाव निकट आते हैं, राजनीतिक पार्टियां मतदाताओं को लुभाने के लिए 'फ्रीबीज' (मुफ्त की रेवड़ियां) का पिटारा खोल देती हैं। इसकी बड़े पैमाने पर शुरूआत तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता ने की थी और तब से यह क्रम देश में हर आने वाले चुनाव के साथ-साथ बढ़ता ही जा रहा है। इस वर्ष 4 राज्यों असम, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का मई को तथा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी का 15 जून को समाप्त हो रहा है। इन राज्यों में अप्रैल में चुनाव करवाए जाने की संभावना है, जिसके कार्यक्रम की घोषणा मार्च के मध्य में की जाएगी।

इस बीच विभिन्न राज्य सरकारों ने मतदाताओं के लिए लोक लुभावन घोषणाओं की शुरूआत कर दी है। सबसे पहले पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने महिलाओं, युवाओं और सरकारी कर्मचारियों के लिए कई बड़ी घोषणाएं की हैं। इनमें 'लक्ष्मी भंडार योजना' के अंतर्गत महिलाओं को मिलने वाली मासिक सहायता राशि बढ़ाने तथा 'बांग्लार युवा साथी योजना' के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह भत्ता देना आदि शामिल हैं। इसी बीच तमिलनाडु सरकार ने चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से कुछ ही समय पहले कुछ समुदायों के लिए मुफ्त बिजली देने की योजना की घोषणा की है जिसे बिजली सप्लाई करने वाली कम्पनी 'तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कार्पोरेशन लिमिटेड' ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए कहा है कि इससे उस पर आर्थिक दबाव बढ़ा है। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस 'सूर्यकांत' की अगुवाई में जस्टिस 'जायमाल्या बागची' और जस्टिस 'विपुल एम. पंचोली' की बैंच ने 'फ्रीबीज' पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि :'यदि सरकार लोगों को सुबह से शाम तक मुफ्त बिजली, भोजन और गैस देती रहेगी तो लोग काम क्यों करेंगे? इस तरह तो काम करने की आदत ही खत्म हो जाएगी। इसलिए सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। गरीबों की मदद करना समझ आता है, लेकिन उपभोक्ताओं की आ्रथक स्थिति में फर्क किए बिना सब को मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है।"

कुछ लोग शिक्षा या बुनियादी सुविधाएं अफोर्ड नहीं कर सकते। उन्हें सुविधा देना राज्य का कत्र्तव्य है लेकिन 'फ्रीबीज' उनकी जेब में जा रहे हैं जो पहले ही मजे कर रहे हैं। क्या इस पर सरकारों को ध्यान नहीं देना चाहिए?"

"देश के अधिकांश राज्य राजस्व घाटे में होने पर भी विकास की उपेक्षा करके मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं। सरकारें मुफ्त की सुविधाएं देती रहेंगी तो इनका खर्च कौन उठाएगा? अंतत: 'फ्रीबीज' का बोझ करदाताओं पर ही पड़ेगा। अत: देश के आ्रथक विकास में बाधा डालने वाली ऐसी नीतियों पर पुर्नविचार करने का समय आ गया है।"

"हमें ऐसे राज्य की जानकारी है, जहां फ्री बिजली है, भले ही आप बड़े लैंडलार्ड हों। यह टैक्स का पैसा है। हम सिर्फ तमिलनाडु के बारे में ही बात नहीं कर रहे। हम यह पूछना चाहते हैं कि इलैक्शन से ठीक पहले योजनाओं की घोषणा क्यों की जा रही है?"

## बिहारशरीफ वाटर पार्क में अनोखा रंग बरसे होली उत्सव का होगा आयोजन



डायमंड कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।

जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के उपरौरा मोड़ बाईपास स्थित स्मार्ट सिटी वाटर पार्क में 'रंग बरसे' होली सेलिब्रेशन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि आधुनिक भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग धीरे-धीरे अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और पारंपरिक उत्सवों से दूर होते जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से इस आयोजन की योजना बनाई गई है, ताकि लोग फिर से पारंपरिक रंगों और उत्सवों की खुशियों से जुड़ सकें।

उन्होंने बताया कि जिले में पहली बार इस तरह का विशेष होली आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पारंपरिक रंग-गुलाल के साथ-साथ टमाटर होली और गुलाब होली मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है, जिससे प्रतिभागी सुरक्षित वातावरण में उत्सव का आनंद ले सकें।आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में संगीत, डीजे, रंग-गुलाल और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों की भी व्यवस्था की गई है। परिवार, मित्रों और युवाओं के लिए यह आयोजन मनोरंजन और उत्साह का अनूठा अवसर साबित होगा।इधर कार्यक्रम को लेकर युवाओं और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने जिलेवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस रंगारंग आयोजन का हिस्सा बनने और मिल-जुलकर होली का पर्व मनाने की अपील की है।

## त्योहारों से पहले शहर चमकेगा — नगर निगम बोर्ड की बैठक में विकास योजनाओं को मंजूरी



संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। नगर निगम सभागार में सोमवार को आयोजित बोर्ड बैठक में शहर की सुविधाओं और विकास से जुड़े आठ महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महलपर मोहल्ले स्थित रैनबसेरा के पास सरकारी भूमि पर एक माह के भीतर वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा, जिससे फुटपाथी दुकानदारों को व्यवस्थित स्थान मिल सके।

मेयर अनीता देवी ने बताया कि शहरवासियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग वार्डों में अतिरिक्त वेंडिंग जोन बनाने के लिए पार्षदों से उपयुक्त स्थलों की सूची मांगी गई है, ताकि अतिक्रमण कम हो और यातायात सुचारु रह सके।

बैठक में यह भी तय हुआ कि सोहसराय थाना के पास सड़क किनारे बसे स्लम क्षेत्र के लोगों का पुनर्वास किया जाएगा। साथ ही नगर निगम ने करदाताओं को राहत देते हुए घोषणा की कि 31 मार्च तक एकमुश्त होल्डिंग टैक्स जमा करने पर ब्याज नहीं लिया जाएगा।

शहर के सभी वार्डों में प्रकाश व्यवस्था सुधारने के लिए चयनित एजेंसी को कार्यादेश जारी करने का प्रस्ताव पारित हुआ। इसके तहत आगामी त्योहारों से पहले नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी, जिससे अंधेरे वाले क्षेत्रों में सुरक्षा बेहतर होगी।इसके अतिरिक्त मघड़ा में 11 से 13 मार्च तक लगने वाले शीतलाष्टमी मेले में स्वच्छता, पेयजल, रोशनी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बेठक में विधान परिषद प्रतिनिधि के रूप में एखलाक अहमद शामिल थें

## बीसीए सीनियर मेंस वन डे ट्रॉफी मगध जोन मे शेखपुरा ने नवादा को 5 विकेट से हराया



विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी मे बिहार क्रिकेट संघ के घरेलु सत्र 2025-26 बीसीए सीनियर मेंस वन डे ट्रॉफी मगध जोन का दूसरा मैच नवादा बनाम शेखपुरा के बीच सोमवार को एसएससीसी खेल मैदान पावापुरी मे खेला गया।

नवादा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान दीपक के शतक 103 रन, अमन 26, शुदर्शन 24, सुमन 22 तथा आदर्श 18 रन की मदद से 44.4 ओवर मे 10 विकेट खोकर 248 रन बनाये। शेखपुरा की ओर से गेंदबाजी करते हुए नवाज़ खान 54 रन पे 3 विकेट, रशमी 24 पर 2 तथा सूरज विजय ने 42 रन पे 4 विकेट अपने नाम किया।

जवाब मे खेलते हुए शेखपुरा की टीम ने 5 विकेट से मैच जीत लिया। शेखपुरा ने 46 ओवर मे 5 विकेट खोकर लक्ष हासिल कर लिया। जिसमे अंकुश राज ने 72 रन मंजीत ने 62 रन, अमन 33 रन, शुभम ने 20 रन बनाये। नवादा की ओर से गेंदबाज़ विवेक कुमार ने 21 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किया।

इस मौके पर पूर्व सीनियर क्रिकेटर सह नालंदा जिला क्रिकेट संघ के पूर्व पदाधिकारी संजय कुमार उर्फ़ पिंटू दा, क्रिकेट एसोसिएशन नालंदा के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, सचिव गोपाल कुमार सिंह ,पूर्व सचिव सैयद मोहम्मद जावेद इकबाल, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, संयुक्त सचिव संजीव कुमार, नवादा सचिव मनीष राज, शेखपुरा के पूर्व सचिव गंगा यादव, बीसीए ऑब्जरवर राजीव रंजन ,डॉ संजय ,संतोष पांडेय, हैदर अली ,सिद्धार्थ कुमार बाबा , विश्वजीत कुमार अभिषेक कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

इन्पायरिंग की भूमिका बी सी ए पैनल अम्पायर राजीव कुमार तथा नीरज कुमार ने निभाया।

मैच के मैन ऑफ द मैच शेखपुरा के सूरज विजय को दिया गया।

अपना नालंदा
अपना शहर अपना खबर
# अपना नालन्दा



## गौतम इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में नवागंतुकों का भव्य स्वागत, रंगारंग कार्यक्रमों से सजा फ्रेशर्स समारोह



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को गौतम इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में वर्ष 2025 बैच के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम हर्षोल्लास, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रेरणादायक संदेशों से परिपूर्ण रहा। नवागंतुक विद्यार्थियों का पारंपरिक तिलक, पुष्पगुच्छ एवं तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अभिनंदन किया गया तथा उन्हें संस्थान की गरिमा, अनुशासन और शैक्षणिक परंपराओं की जानकारी दी गई।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद सर उपस्थित रहे, जो Gautam Institute of Pharmacy, Mata Sushila Institute of Nursing तथा Mata Sushila Institute of Education के प्राचार्य एवं शैक्षणिक प्रभारी हैं। वहीं संस्थान के प्राचार्य आशु मरकाम की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविता और लघुनाटिका प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को उत्साह और उमंग से भर दिया तथा उपस्थित जनसमूह ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि सफलता का मार्ग अनुशासन, परिश्रम और समर्पण से होकर गुजरता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने तथा सेवा-भावना को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि नर्सिंग एवं शिक्षा का क्षेत्र केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज सेवा का श्रेष्ठ अवसर है।

प्राचार्य आशु मरकाम ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल पाठ्य ज्ञान देना नहीं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों, संवेदनशीलता और व्यावसायिक दक्षता का विकास करना है। उन्होंने सभी छात्रों से नियमों का पालन करते हुए अनुशासित जीवन अपनाने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया।

समारोह में शिक्षकगण की सक्रिय भागीदारी रही। नर्सिंग अध्यापिका सूर्याकांति, सहायक प्राध्यापिका रीना यादववंशी, नर्सिंग अध्यापक आदर्श अमन यादव, सौमदीप कोले, मोनी कुमारी, प्रिंस तथा शिवानी सुमन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं गैर-शैक्षणिक कर्मियों में प्रभाकर, चंदन, सुमन और प्रिया ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे इस यादगार शुरुआत को प्रेरणा बनाकर अपने शैक्षणिक जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। यह स्वागत समारोह उनके लिए आत्मविश्वास, मित्रता और सकारात्मक ऊर्जा से भरी नई शुरुआत सिद्ध हुआ।

## डॉ. सुनील कुमार ने सदन में उठाया धार्मिक स्थलों की घेराबंदी का मुद्दा, समान नीति की मांग




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार विधानसभा के सोमवार के सत्र में धार्मिक स्थलों की घेराबंदी और सरकारी नीति को लेकर सत्ता पक्ष के भीतर ही तीखी बहस देखने को मिली। भाजपा विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सरकार से स्पष्ट नीति और समानता का सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में यदि कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई जा सकती है तो मठों और मंदिरों की चहारदीवारी निर्माण में बाधा क्यों आ रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि सभी धार्मिक स्थलों के लिए एक समान नियम लागू किया जाए।

विधायक ने सदन में कहा कि कई मठ और मंदिर ऐसे हैं जो धार्मिक न्यास परिषद में निबंधित नहीं हैं, जिसके कारण उनकी सुरक्षा और संरचना से जुड़े कार्य सरकारी स्तर पर नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि बिना निबंधन के मठ-मंदिरों की घेराबंदी क्यों नहीं कराई जा सकती और मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत इन स्थलों के लिए चहारदीवारी निर्माण की अनुमति क्यों नहीं दी जाती।इस पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि जिन धार्मिक संस्थानों का पंजीकरण संबंधित बोर्ड में नहीं है, उनकी घेराबंदी सरकारी स्तर पर संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार नियमों के अनुसार ही कार्य कर सकती है और पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करना आवश्यक है।बहस के दौरान डॉ. सुनील कुमार ने एक स्थानीय मुद्दा भी उठाया। उन्होंने दावा किया कि बिहारशरीफ में कब्रिस्तान के नाम पर 83 डेसिमल सरकारी भूमि घेर लिए जाने से रांची रोड बाधित हो गई है। उनका आरोप था कि कुछ स्थानों पर कब्रिस्तान की घेराबंदी के नाम पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हुआ है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने सरकार से इस मामले में प्रशासनिक जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की।

विधायक ने अपने वक्तव्य में कहा कि संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है, इसलिए धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में भी सरकार की नीति समानता, पारदर्शिता और न्याय पर आधारित होनी चाहिए। उन्होंने आग्रह किया कि सभी समुदायों के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए स्पष्ट व एकरूप नीति बनाई जाए, ताकि सामाजिक सौहार्द बना रहे और विधि-व्यवस्था भी सुदृढ़ हो।

सदन में उठे इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है और माना जा रहा है कि सरकार आने वाले समय में धार्मिक स्थलों से संबंधित नियमों और प्रक्रियाओं की समीक्षा कर सकती है।

## थरथरी पुलिस की कार्रवाई में वारंटी सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना पुलिस ने रविवार देर शाम अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर एक कुर्की वारंटी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पहली कार्रवाई में पुलिस ने रूपसपुर गांव से दीपक गोप नामक अभियुक्त को पकड़ा, जिसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा कुर्की वारंट जारी था। थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि आरोपी वर्ष 2013 से मारपीट के एक मामले में फरार चल रहा था और लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से दबोचकर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया।दूसरी कार्रवाई में पुलिस गश्ती दल ने थरथरी डीहा गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सलेमपुर निवासी शोभी यादव, डीहा गांव के सुनील मोची, तारणपुर निवासी सुधीर कुमार तथा डीहा निवासी शंकर चौहान के रूप में हुई। सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर चिकित्सकीय जांच कराई गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि होने के बाद उन्हें न्यायालय भेज दिया गया।तीसरी कार्रवाई में थरथरी बाजार से पुलिस ने एक महिला शराब कारोबारी खुशबू देवी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूर्व में उसके घर से दस लीटर देशी शराब बरामद हुई थी, लेकिन वह उस समय फरार हो गई थी। अब उसे पकड़कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## राजगीर में मैट्रिक छात्र की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया मारपीट का आरोप

राजगीर (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के पीटीजीएम कॉलेज के समीप एक मैट्रिक परीक्षार्थी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सरमेरा थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी 16 वर्षीय संतोष कुमार के रूप में हुई है, जो शमली यादव का पुत्र था।

परिजनों के अनुसार संतोष गांव के 8-9 अन्य छात्रों के साथ परीक्षा देने राजगीर आया था और एक किराए के मकान में रह रहा था। रविवार रात भोजन के बाद बर्तन धोते समय पानी गिर जाने पर मकान मालिक ने कथित रूप से उसे लात मारकर धक्का दे दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया। पहले स्थानीय अस्पताल में इलाज हुआ, फिर बेहतर उपचार के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

इधर पुलिस का कहना है कि मामले की सूचना बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ने के रूप में मिली थी। संजय कुमार ने बताया कि परिजन उसे पहले सिलाव के एक निजी क्लीनिक ले गए थे, जहां से पावापुरी भेजा गया। उन्होंने कहा कि आवेदन मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे।

पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला बीमारी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, जबकि परिजन मारपीट को कारण बता रहे हैं। घटना के बाद दोनों पक्षों के दावों से मामला रहस्यमय बना हुआ है।

# नालन्दा अभियंत्रण महाविद्यालय में नवीकरणीय ऊर्जा व स्मार्ट ग्रिड पर पाँच दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



चंडी (अपना नालन्दा)। नालन्दा अभियंत्रण महाविद्यालय में "नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण एवं स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी में प्रगति" विषय पर आयोजित पाँच दिवसीय कार्यशाला का भव्य शुभारंभ सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। 23 से 27 फरवरी 2026 तक चलने वाली इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को ऊर्जा क्षेत्र की आधुनिक तकनीकों, स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों तथा स्मार्ट ग्रिड प्रणालियों के नवीन आयामों से अवगत कराना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. गोपाल नन्दन एवं आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए नवीकरणीय ऊर्जा और स्मार्ट ग्रिड तकनीकों का विकास समय की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में शोध, नवाचार और उद्यमिता की संभावनाएँ तलाशने के लिए प्रेरित किया तथा बताया कि आने वाला समय स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों का है।

प्रथम तकनीकी सत्र में आमंत्रित वक्ता डॉ. अमरितेश कुमार ने हरित ऊर्जा आधारित विद्युत वाहन चार्जिंग प्रणाली पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि सौर और पवन ऊर्जा जैसे स्रोतों से संचालित चार्जिंग स्टेशन भविष्य की परिवहन व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। द्वितीय सत्र में विशेषज्ञ वक्ता अरविन्द कुमार ने स्मार्ट ग्रिड तकनीक, ऊर्जा भंडारण प्रणाली और ग्रिड स्वचालन की कार्यप्रणाली को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि आधुनिक ऊर्जा नेटवर्क किस प्रकार ऊर्जा वितरण को अधिक कुशल और सुरक्षित बनाते हैं।

तृतीय सत्र में डॉ. सरन सत्संगी ने विकेन्द्रीकृत ऊर्जा प्रणाली, नियंत्रण रणनीतियों तथा संकर विन्यास पर परियोजनात्मक उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि उन्नत ग्रिड प्रबंधन प्रणाली से ऊर्जा आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ती है और बिजली कटौती जैसी समस्याएँ कम की जा सकती हैं।

कार्यशाला के संयोजक डॉ. तौसीफ अहमद और सह-संयोजक डॉ. शागुफ्ता ख़ान ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों में स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें भविष्य की ऊर्जा प्रणालियों के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष रंजन ने कहा कि इस प्रकार की तकनीकी कार्यशालाएँ छात्रों को उद्योग-उन्मुख कौशल प्रदान करती हैं और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ती हैं।

कार्यक्रम का संचालन कम्प्यूटर विज्ञान विभाग की छात्राओं दीपिका कुमारी और राखी कुमारी ने किया।

इस अवसर पर संस्थान के अनेक प्राध्यापक, समन्वयक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। आगामी सत्रों में प्रतिभागियों को प्रयोगात्मक प्रदर्शन, अध्ययन-प्रकरण और विशेषज्ञ व्याख्यानों के माध्यम से विषय का गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आयोजकों ने विश्वास जताया कि यह कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए ज्ञानवर्धक अनुभव सिद्ध होगी और ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार की नई दिशा प्रदान करेगी।

# नालंदा लिटिल स्टार्स फेस्ट में प्रतिभाओं का संगम, बच्चों की रचनात्मकता ने जीता सबका दिल



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सिलाव स्थित ऑल सेंट्स स्कूल में आयोजित दो दिवसीय "नालंदा लिटिल स्टार्स फेस्ट" रंगारंग प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस भव्य महोत्सव में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी विविध प्रतिभाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जबकि अन्य विद्यालयों के 100 से अधिक बच्चों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को प्रतिस्पर्धात्मक और आकर्षक बनाया।कार्यक्रम का उद्घाटन सिलाव नगर पंचायत की मुख्य पार्षद जय लक्ष्मी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार और आत्मविश्वास भी प्रदान कर रहा है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं और नालंदा की गौरवशाली शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने जोर दिया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ कला, विज्ञान और अभिव्यक्ति के क्षेत्र में भी अवसर मिलना चाहिए, तभी उनका व्यक्तित्व संतुलित रूप से विकसित हो सकेगा।विद्यालय की निदेशक मीनाक्षी ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की विशेष प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारना है। यह महोत्सव उसी सोच का परिणाम है, जहाँ बच्चों को अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का खुला मंच मिला। वहीं प्रबंध निदेशक आर. नंदन ने कहा कि जब बच्चों को सही दिशा और अवसर मिलता है, तो वे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनते हैं।फेस्ट के दौरान विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, हिंदी और अंग्रेजी विषयों पर आधारित आकर्षक प्रदर्शनियों में लगभग 380 मॉडल और परियोजनाएँ प्रदर्शित की गईं। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, पर्यावरण सुरक्षा, डिजिटल तकनीक, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति जैसे विषयों पर आधारित अभिनव मॉडल तैयार कर दर्शकों को प्रभावित किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों की वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक दृष्टिकोण की सराहना की।

इसके अतिरिक्त सुलेख, चित्रकला, ड्रॉइंग और लघु वीडियो निर्माण प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की गईं, जिनमें सामाजिक संदेशों पर आधारित प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन, नृत्य, अभिनय, मिमिक्री और ओपन मंच प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देशभक्ति गीत, लोकनृत्य और हास्य अभिनय ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, प्रमाणपत्र और स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अभिभावक और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह महोत्सव बच्चों के लिए प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ, जिसने उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान दी और उनकी प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच प्रदान किया।

# हरनौत में संदिग्ध हालात में ड्राइवर की मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र के गोगीपर गांव में एक ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में चर्चा का माहौल है। मृतक की पहचान गोगीपर निवासी अशोक तांती (50), पिता राजेंद्र तांती, के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह रविवार को शराब पीकर घर लौटे थे और इसके बाद उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई।

मृतक के भाई चंदन कुमार तांती ने बताया कि दिन में किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद अशोक तांती घर से बाहर चले गए थे। देर रात लौटने के बाद वे अपने कमरे में सो गए, लेकिन कुछ देर बाद उनकी हालत खराब होने लगी और उन्हें उल्टियां होने लगीं। आनन-फानन में परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से भी स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें पावापुरी मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि परिजनों ने शराब पीने और दवा सेवन की बात कही है, परंतु वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। वहीं हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने कहा कि अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है, फिर भी पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

# पावापुरी में यशोदा स्वीट्स का भव्य उद्घाटन, लोगों में उत्साह

डायमंड कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।पावापुरी मोड़ के समीप स्थित यशोदा स्वीट्स, स्नैक्स एंड रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय महासचिव इंजीनियर सुनील कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे और नए प्रतिष्ठान के लिए शुभकामनाएं दीं।रेस्टोरेंट के संचालक रंजीत रंजन उर्फ मंटू जी ने बताया कि प्रतिष्ठान में ग्राहकों को शुद्ध, स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण मिठाइयों के साथ विभिन्न प्रकार के स्नैक्स उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, गुणवत्ता और उचित मूल्य उनकी प्राथमिकता होगी, ताकि ग्राहकों को बेहतर सेवा मिल सके और वे संतुष्ट होकर लौटें।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि रेस्टोरेंट परिसरमें बर्थडे पार्टी, विवाह वर्षगांठ, रिंग



सेरेमनी, शादी-विवाह तथा अन्य पारिवारिक व सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे लोगों को एक ही स्थान पर भोजन और समारोह की सुविधा मिल सकेगी।उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का वातावरण उत्साह और उल्लास से भरा रहा। उपस्थित लोगों ने विश्वास जताया कि यह प्रतिष्ठान क्षेत्र में स्वाद, गुणवत्ता और बेहतर सेवा का नया केंद्र बनेगा तथा स्थानीय लोगों को सुविधाजनक और उत्कृष्ट विकल्प प्रदान करेगा।

अपना शहर अपना खबर
अपना नालन्दा

# आईएमए बिहार का 81वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न, डॉ. दिनेश कुमार बने अवैतनिक राज्य सचिव



पटना (अपना नालंदा)।इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आई.एम.ए.) बिहार राज्य शाखा का 81वां वार्षिक अधिवेशन एवं काउंसिल मीटिंग रविवार को अमर रिसॉर्ट, मोतिहारी में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में बिहार के सभी जिलों से आए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ चिकित्सकों ने अपने-अपने जिले का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार नायक तथा विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. धनवंतरी तिवारी, डायरेक्टर (AKLSI) डॉ. अनिल पचनेकर, महासचिव डॉ. सखरी दत्ता, वित्त सचिव डॉ. पियुष जैन सहित कई पूर्व राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। वैज्ञानिक सत्र का उद्घाटन पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. जी.के. ठाकुर ने किया।

अधिवेशन के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए बिहार राज्य शाखा के निर्विरोध चुने गए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। मोतिहारी के डॉ. आशुतोष शरण को राज्य अध्यक्ष, गया के डॉ. ललित मोहन सिंह को राज्य अध्यक्ष निर्वाचित, पटना के डॉ. दिनेश कुमार को अवैतनिक राज्य सचिव तथा डॉ. शिवेन्द्र कुमार सिन्हा को पुनः वित्त सचिव चुना गया। डॉ. दिनेश कुमार के अवैतनिक राज्य सचिव चुने जाने पर उपस्थित चिकित्सकों ने हर्षव्यक्त किया और उन्हें बधाई दी। विभिन्न डिवीजनों से उपाध्यक्ष पद पर भी कई वरिष्ठ चिकित्सकों का चयन किया गया।

इस अवसर पर राज्य के 13 वरीय एवं प्रतिष्ठित चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए "आईएमए बिहार राज्य अध्यक्ष प्रशंसा पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। साथ ही आईएमए भागलपुर सहित कई स्थानीय शाखाओं को सर्वोत्तम शाखा के रूप में सम्मान मिला। अधिवेशन में उपस्थित चिकित्सकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

निर्वाचित पदाधिकारियों को वहाँ उपसिथित चिकित्सकों ने अपनी शुभकामनाएँ दी। शूभकमाना देने वाले चिकित्सकों में मुख्य रूप से पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आई. एम. ए. " डा. सहजानन्द प्रसाद सिंह. डा. 'केप्टन वी. एस. सिंह. डा जी. के. ठाकुर, डा. सच्चिदानन्द कुमार, डॉ अजय कुमार, डॉ ललित कुमार सिंह, डा. सुनील कुमार शाही, डा. अखिलेश कुमार सिंह, डा. सुनील कुमार, डा. ब्रजनन्दन कुमार, संतोष कमार सिंह, डा. अनिल कमार सिंह, डा. उदय कमार, डा. मानवेन्द्र कुमार इत्यादि शामिल थे।

# युवा नेता अमन सिंह के निधन से शोक में डूबी लोजपा (रा), चिराग ने जताई संवेदना

सुजीत कुमार



पटना (अपना नालंदा)। चिराग पासवान ने मुजफ्फरपुर के युवा लोजपा (रा) प्रदेश उपाध्यक्ष अमन सिंह के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने शोक संदेश में कहा कि अमन सिंह एक जुझारू, समर्पित और सक्रिय नेता थे, जिनका असमय जाना पार्टी तथा सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि अमन सिंह के निधन की खबर से पार्टी कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है। कई वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने भी संवेदना प्रकट की है। शोक व्यक्त करने वालों में सांसद अरुण भारती, सांसद बीना देवी, मंत्री संजय पासवान, मंत्री संजय सिंह सहित पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के कई पदाधिकारी, विधायक और प्रवक्ता शामिल हैं।

नेताओं ने कहा कि अमन सिंह संगठन को मजबूत बनाने में लगातार सक्रिय रहते थे और युवाओं के बीच उनकी विशेष पहचान थी। उनका निधन न केवल पार्टी बल्कि समाज के लिए भी बड़ी क्षति है। पार्टी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि अमन सिंह की संगठन के प्रति निष्ठा और कार्यशैली हमेशा कार्यकर्ताओं को प्रेरित करती रहेगी तथा उनकी स्मृति को संगठन सदैव संजोकर रखेगा।

# गिरफ्तार युवा कांग्रेस नेताओं के परिजनों से मिले प्रदेश अध्यक्ष, हरसंभव सहयोग का आश्वासन



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। राजेश राम ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट के दौरान प्रदर्शन करने पर गिरफ्तार किए गए युवा कांग्रेस नेता श्रीकृष्ण हरि और कुंदन कुमार के परिजनों से मुलाकात की। श्रीकृष्ण हरि सोनपुर के निवासी हैं, जबकि कुंदन कुमार महुआ से संबंध रखते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने परिवारों को भरोसा दिलाया कि पार्टी इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है और हर संभव कानूनी व सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

राजेश राम ने कहा कि वर्तमान समय में देश का माहौल चिंताजनक है, जहां युवाओं की आवाज उठाने वालों को सरकार विरोधी बताकर दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी सरकार के दौर में असहमति को स्वीकार करने की लोकतांत्रिक परंपरा कमजोर हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं के मुद्दों को उठाकर साहस का परिचय दिया है, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने दोहराया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा देशहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी की परंपरा रही है कि अन्याय और दमन के खिलाफ आवाज बुलंद की जाए, और भविष्य में भी यह संघर्ष जारी रहेगा।

# समयबद्ध पूरा करें सिंचाई परियोजनाएँ, मुख्य सचिव का सख्त निर्देश



सुजीत कुमार

पटना (अपना नालंदा)। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में राज्य की दो प्रमुख सिंचाई योजनाओं—नार्थ कोयल जलाशय परियोजना और मंडई वीयर परियोजना—की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में WAPCOS सहित संबंधित विभागों ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य सचिव ने कहा कि भीषण गर्मी और आगामी मॉनसून को देखते हुए परियोजनाओं का समय पर पूरा होना अत्यंत आवश्यक है। नार्थ कोयल जलाशय परियोजना, जो औरंगाबाद और गया जैसे सूखाग्रस्त क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है, की कुल लंबाई 162 किलोमीटर है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों जिलों में लगभग 90% भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है। शेष कार्य को औरंगाबाद में 30 अप्रैल तथा गयामें मई तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कुछ पैकेजों में कार्य की धीमी गति पर मुख्य सचिव ने संवेदक एजेंसियों को मैनपावर व मशीनरी बढ़ाने का निर्देश दिया और वरिष्ठ अधिकारियों को नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने को कहा।वहीं फल्गु नदी पर बन रही मंडई वीयर परियोजना, जिससे जहानाबाद, नालंदा और पटना के कुछ प्रखंडों को सिंचाई सुविधा मिलेगी, की प्रगति संतोषजनक पाई गई। अधिकारियों के अनुसार अब तक 73% भौतिक कार्य पूरा हो चुका है तथा भुगतान, श्रमिक या मशीनरी से संबंधित कोई बाधा नहीं है। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने की कड़ी हिदायत दी।